एड्स को नियंत्रित करने हेतु उपाय

1153. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा :**

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अद्यतन प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार देश में कितने व्यक्ति एड्स के रोग से ग्रस्त हैं;

(ख) सन 2000 ईस्वी तक भारत में कितने एड्स के रोगी होने की संभावना है ; और

(ग) सरकार इस रोग पर नियंत्रण रखने हेतु क्या-क्या कदम उठा रही है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) 30 जून, 1994 तक देश में 768 एड्स के रोगियों (जिसमें 18 विदेशी शामिल हैं) की सूचना दी गई है।

(ख) एच०आई०वी० संक्रमण के बारे में कोई अनुमान/प्रक्षेपण मात्र अनुमान ही है और इस बारे में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया जा सकता है।

(ग) इस समय देश भर में एड्स नियंत्रण के व्यापक कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया जा रहा है। एड्स की रोकथाम करने की कार्यनीतियों में कार्यक्रम व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण जोखिम के आचरण वाले समूहों और आम जनता में जागरूकता उत्पन्न करना और यौन संचारित रोगों, एचआई०वी० की रोकथाम के लिये कंडोम को बढ़ावा देना, रक्त निरापदता और रक्त का युक्तिसंगत उपयोग और निगरानी, रोग-निदान और एच०आई०वी०/एड्स के रोगियों के लिये बेहतर सुविधायें शामिल हैं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु राज्यों का अनुरोध

1154. **श्री गोविन्दराव आदिक :**
श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की अनुमति देना बन्द कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु 1 जुलाई, 1994 की स्थिति के अनुसार विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किये गये अनुरोधों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(घ) इन केन्द्रों को खोलने हेतु कब तक स्वीकृति दे दी जायेगी;

(ङ) क्या यह भी सच है कि कुछ राज्य सरकारों ने 1991 की जनगणना के आधार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का अनुरोध किया है ;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(छ) सरकार ने इस संबंध में क्या निर्णय लिया है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) और (ख) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्यों द्वारा स्थापित किये जाते हैं ।

(ग) और (घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना तथा 1994-95 के दौरान नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिये राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार लक्ष्यों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । (शीघ्र देखिये)

(ङ) से (छ) आठवीं पंचवर्षीय योजना में मौजूदा बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के बजाय उसका समेकन करने का उद्देश्य रखा गया है। तथापि, वित्तीय, जनसंख्या और दूरी मानदंडों को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम का विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है।

विवरण

वर्ष 1994-95 और आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना के लिए निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	1994-95 लक्ष्य	आठवीं योजना लक्ष्य
1	2	3
राज्य		
1 आंध्र प्रदेश	60	300
2 अरूणाचल प्रदेश	6	15
3 असम	50	245
4 बिहार	—	1078
5 गोवा	1	2
6 गुजरात	15	82
7 हरियाणा	—	2
8 हिमाचल प्रदेश	15	67
9 जम्मू और कश्मीर	20	95
10 कर्नाटक	100	300
11 केरल	15	72
12 मध्य प्रदेश	365	620
13 महाराष्ट्र	—	100
14 मणिपुर	2	8
15 मेघालय	2	26
16 मिजोरम	1	8
17 नागालैंड	4	20
18 उड़ीसा	50	170
19 पंजाब	—	44
20 राजस्थान	40	200
21 सिक्किम	—	1
22 तमिलनाडु	—	0
23 त्रिपुरा	7	55
24 उत्तर प्रदेश	20	300
25 पश्चिम बंगाल	4	625
संघ राज्यक्षेत्र		
1 अंडमान और निकोबार	—	4
2 चंडीगढ़	1	1
3 दादरा और नगर हवेली	—	1
4 दमण और दीव	—	1
5 दिल्ली	—	0
6 लक्षद्वीप	—	0
7 पांडिचेरी	2	10
योग :	780	4450